**राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
<u>बीज भवन, पूसा परिसर, नई दिल्ली – 110012</u>.

संख्याः 1-14(2012-13)/हिन्दी/एनएससी दिनांकः 27 अगस्त, 2013

**<u>परिपत्र</u>**

**विषयः <u>मूल रूप से हिन्दी में कार्य करने तथा हिन्दी में डिक्टेशन देने के लिए नकद पुरस्कार योजना वर्ष 2012-13.</u>**

निगम में 1 जनवरी, 1992 से उदारीकृत नकद पुरस्कार योजना लागू है, जिसके अन्तर्गत "क" व "ख" क्षेत्रों में कम से कम 20 हजार शब्द तथा "ग" क्षेत्र में कम से कम 10 हजार शब्द प्रतिवर्ष हिन्दी में लिखने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए नकद पुरस्कार दिया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत दी जाने वाली पुरस्कार राशि में इस वर्ष से वृद्धि कर दी गई है, जोकि इस प्रकार हैः

***प्रथम पुरस्कार (2 पुरस्कार) प्रत्येक रु.1600/-***

***द्वितीय पुरस्कार (3 पुरस्कार) प्रत्येक रु. 800/-***

***तृतीय पुरस्कार (5 पुरस्कार) प्रत्येक रु. 600/-***

इसके अतिरिक्त हिन्दी में डिक्टेशन देने वाले अधिकारियों में से सबसे अधिक डिक्टेशन देने वाले एक अधिकारी को रु.2000/- का नकद पुरस्कार दिए जाने का प्रावधान है। यदि अन्य भाषा भाषी अधिकारी भी इस योजना में भाग लेने के इच्छुक हों तो पुरस्कार की संख्या दो की जा सकती है। इनमें से एक पुरस्कार हिन्दी भाषी अधिकारी के लिए तथा एक पुरस्कार अन्य भाषा भाषी अधिकारी के लिए होगा। हिन्दी में डिक्टेशन देने पर दिया जाने वाला पुरस्कार सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में अलग से लागू होगा अर्थात् हर क्षेत्रीय कार्यालय में उल्लिखितानुसार एक या दो पुरस्कार दिए जा सकते है, बशर्ते उस क्षेत्रीय कार्यालय में हिन्दी में डिक्टेशन लेने में सक्षम आशुलिपिक / निजी सहायक उपलब्ध हो।

डिक्टेशन देने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए योजना के अन्तर्गत ऐसे सभी अधिकारी, जिन्हें हिन्दी आशुलिपि जानने वाले आशुलिपिक की सहायता उपलब्ध है और जो सामान्यतया हिन्दी में डिक्टेशन देते हैं, इस योजना में शामिल हो सकते हैं। ऐसे अधिकारी जो नकद पुरस्कार की अन्य योजना में भाग ले रहे हों, वे इस योजना में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे। इस योजना में भाग लेने वाले अधिकारी अपने द्वारा हिन्दी में दिए गए डिक्टेशनों के बारे में संलग्न प्रपत्र में रिकार्ड रखेंगे। यह रिकार्ड उनके स्टेनो/निजी सहायक भी रख सकते हैं, लेकिन उसके सत्यापन का पूरा उत्तरदायित्व संबंधित अधिकारी का होगा।

मुख्यालय के सभी प्रभागाध्यक्षों / अनुभागाध्यक्षों तथा सभी क्षेत्रीय / प्रक्षेत्र प्रबन्धकों से अनुरोध है कि वे अपने अधीन काम करने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जो हिन्दी में अपना कामकाज करते हों तथा हिन्दी में डिक्टेशन देते हों, को प्रेरित करें कि वे संलग्न प्रपत्र में अपना विवरण भर कर सम्बद्ध नियंत्रण अधिकारी से हस्ताक्षर करवाकर मुख्यालय के राजभाषा कक्ष को ***<u>दिनांक 10 सितम्बर, 2013 तक अवश्य भिजवा दें।</u>*** अपने अधीनस्थ अधिकारियों / कर्मचारियों की प्रविष्टियां अग्रसारित करते समय नियंत्रण अधिकारी कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा किए गए कार्य का ब्यौरा सही है। ***<u>प्रविष्टियां सीलबन्द लिफाफे में भिजवाये जिसके ऊपर 'नकद पुरस्कार योजना वर्ष 2012-13 के लिए प्रविष्टि' लिखा गया हो।</u>***

*उल्लिखित तिथि के पश्चात् प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जायेगा।*

**मूल रूप से हिन्दी में कार्य करने के लिए नकद पुरस्कार योजना के लिए प्रविष्टियां भेजते समय कृपया यह ध्यान रखें कि अपने द्वारा हिन्दी में किए गए काम के अलग-अलग पांच बेहतर नमूनों की फोटो प्रतियां भी साथ में संलग्न करें और प्रविष्टियां सम्बन्धित क्षेत्रीय प्रबन्धक की उचित अनुशंसा के साथ ही भेजी जाएं, अन्यथा प्रविष्टि पर विचार नहीं किया जाएगा।**

(बिमल दे)
प्रबन्धक (राजभाषा)

संलग्नकः यथोपरि।

वितरणः

1. मुख्यालय के सभी प्रभागाध्यक्ष / अनुभागाध्यक्ष - आवश्यक कार्रवाई हेतु।
2. सभी क्षेत्रीय / प्रक्षेत्र प्रबन्धक, एनएससी - आवश्यक कार्रवाई हेतु।
3. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक के निजी सचिव - सूचनार्थ।
4. सूचना तकनीक कक्ष - इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को एनएससी की वैबसाइट में 'हिन्दी कक्ष' शीर्षक के अन्तर्गत अपलोड कर दें।
4. सूचना पट्ट।
5. गार्ड फाईल।

# राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड

**वर्षः 2012-13 (01 अप्रैल, 2012 से 31 मार्च, 2013 तक का ब्यौरा दें)**

श्री / श्रीमती / सुश्री ........................................... पदनाम ..................................................

तैनाती स्थल .................................................... मातृभाषा ................................................

## हिन्दी में किए गए मूल काम का मासिक विवरण

| *क्र. सं.* | *माह* | *कुल फाइलों, रजिस्टरों, आदि की संख्या जिनमें हिन्दी में काम किया गया* | *इनमें हिन्दी में लिखे गए टिप्पण और आलेखन के शब्दों की संख्या* | *हिन्दी में किया गया काम का संक्षिप्त ब्यौरा / विषयवस्तु* |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** |
| | | | | |

**नियंत्रण अधिकारी के हस्ताक्षर** **अधिकारी / कर्मचारी के हस्ताक्षर**

## हिन्दी में दिए गए डिक्टेशन का विवरण

| *क्र. सं.* | *दिनांक* | *हिन्दी में दिए गए डिक्टेशन के शब्दों की संख्या* | *फाइल संख्या* | *हिन्दी में दिये गये डिक्टेशन का संक्षिप्त ब्यौरा / विषयवस्तु* |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** |
| | | | | |

**नियंत्रण अधिकारी के हस्ताक्षर** **अधिकारी / कर्मचारी के हस्ताक्षर**

**राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
बीज भवन, पूसा परिसर, नई दिल्ली - 110012.

संख्याः 1-14(2012-13)/हिन्दी/एनएससी                                    दिनांकः 03 सितम्बर, 2013

# परिपत्र

**विषयः मूल रूप से हिन्दी में कार्य करने तथा हिन्दी में डिक्टेशन देने के लिए नकद पुरस्कार योजना वर्ष 2012-13.**

कृपया उल्लिखित विषय पर दिनांक 27 अगस्त, 2013 के समसंख्यक परिपत्र का अवलोकन करें। इस संबंध में सभी संबंधित कार्मिकों को सूचित किया जाता है कि इस वर्ष मूल रूप से हिन्दी में कार्य करने तथा हिन्दी में डिक्टेशन देने के लिए नकद पुरस्कार योजना वर्ष 2012-13 **आयोजित नहीं की जाएगी**। अतः उक्त प्रतियोगिता को **रद्द माना जाए**। इस संबंध में हुई असुविधा के लिए खेद है।

(बिमल दे)
प्रबन्धक (राजभाषा)

वितरणः

1. मुख्यालय के सभी प्रभागाध्यक्ष / अनुभागाध्यक्ष - सूचनार्थ और इस अनुरोध के साथ कि वे अपने अधीनस्थ कार्मिकों को इस परिपत्र की विषय वस्तु से अवगत करा दें।
2. सभी क्षेत्रीय, एनएससी - सूचनार्थ और इस अनुरोध के साथ कि वे अपने अधीनस्थ कार्मिकों और प्रक्षेत्र कार्यालय के कार्मिकों को इस परिपत्र की विषय वस्तु से अवगत करा दें।
3. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक के निजी सचिव - सूचनार्थ।
4. सूचना तकनीक कक्ष - इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को एनएससी की वैबसाइट में 'हिन्दी कक्ष' शीर्षक के अन्तर्गत अपलोड कर दें।

4\. सूचना पट्ट।

5\. गार्ड फाईल।